घर लौट रहे कैफे संचालक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला

बाइक-स्कूटी पर आए बदमाशों ने ताबड़तोड़ वारकर घायल किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। वैशाली नगर थाना क्षेत्र में कैफे बंद कर पैदल घर लौट रहे संचालक पर बदमाशों ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। बाइक और स्कूटी पर आए हमलावरों ने पहले से घात लगाकर बैठे होने के बाद युवक पर पीछे से ताबड़तोड़ वार किए। सिर में गंभीर चोट लगने से कैफे संचालक सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद भी बदमाश उसे पीटते रहे। उसे मरा समझकर आरोपी अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसके सिर का ऑपरेशन करना पड़ा। घटना 5 नवंबर की रात करीब 9:45 बजे की है। वारदात का सीसीटीवी फुटेज रविवार को सामने आया है।

थानाधिकारी अरविन्द सिंह शेखावत ने बताया कि वैशाली नगर निवासी मयंक गोपालिया (34) वैशाली मार्ग पर "ओवन द बेकरी" कैफे संचालित करते हैं। 5 नवंबर की रात करीब 9:45 बजे वह कैफे बंद कर पैदल घर लौट रहे थे।

■ **सिर में गंभीर चोट लगने से युवक सड़क पर गिर पड़ा, इसके बाद भी बदमाश उसे पीटते रहे**

कैफे से कुछ दूरी पर गली के मोड पर बाइक और स्कूटी सवार बदमाश पहले से खड़े थे। मयंक के वहां पहुंचते ही हमलावर पीछे से दौड़कर आए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

हमलावरों के वार से मयंक के सिर में गंभीर चोट लगी और वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद भी बदमाश उन पर लगातार वार करते रहे। कुछ देर बाद हमलावर उन्हें अधमरा हालत में छोड़कर बाइक और स्कूटी पर सवार अपने साथियों के साथ फरार हो गए। मौके से गुजर रहे लोगों ने घायल मयंक को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर चोट के कारण डॉक्टरों को उनके सिर का ऑपरेशन करना पड़ा।

सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। मयंक के बेहोशी की हालत में होने के कारण पुलिस ने उनके परिजनों और कैफे कर्मचारियों से जानकारी जुटाई। इसके बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में बाइक और स्कूटी सवार हमलावर गली के मोड पर इंतजार करते दिखाई दिए। मयंक के पहुंचते ही उन्होंने हमला कर दिया और वारदात के बाद फरार हो गए।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 5 नवंबर की दोपहर मयंक का कैफे में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी से विवाद हुआ था। महिला कर्मचारी का एक दोस्त आए दिन उससे मिलने कैफे आता था। घटना वाले दिन भी उसके कैफे आने पर मयंक ने आपत्ति जताई थी। आरोप है कि जाते समय महिला कर्मचारी के दोस्त ने मयंक को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस इसी एंगल से भी जांच कर रही है। थानाधिकारी अरविन्द सिंह शेखावत ने बताया कि शनिवार रात तक घायल मयंक बयान देने की स्थिति में नहीं थे। परिजनों की शिकायत पर रविवार दोपहर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

डॉ. जसवंत यादव के निधन से मन व्यथित : जूली

बहरोड़। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री टीकाराम जूली ने सोमवार को ग्राम सिलपट्टा पहुंचकर बहरोड़ विधायक स्व. डॉ. जसवंत यादव की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जूली ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर अर्थी को कंधा दिया तथा अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। भावुक होते हुए जूली ने कहा कि डॉ. जसवंत यादव के निधन का समाचार मेरे लिए अत्यंत दुखद और मन को व्यथित करने वाला है। राजनीति में मेरे शुरुआती समय से लेकर चाहे जिला परिषद का कार्यकाल रहा हो या मेरे विधानसभा सदस्य के तौर पर तथा आज इस मुकाम तक पहुंचने की यात्रा में वे हमेशा एक वरिष्ठ और मार्गदर्शक के रूप में मेरे साथ रहे। उनका स्नेह और मार्गदर्शन समय-समय पर मुझे निरंतर मिलता रहा। जूली ने कहा कि हमारी राजनीतिक विचारधाराएं अलग-अलग हो गईं थीं, लेकिन अलवर के विकास और क्षेत्र की जनता के हितों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमेशा समान रही। विकास से जुड़े मुद्दों पर वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विचार करते थे और मेरे विचारों एवं सुझावों का सम्मान करते थे। उनके साथ मेरा रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मीयता व आपसी सम्मान का था।

बहरोड़ विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. जसवंत यादव का निधन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्व. यादव के पैतृक गांव सिलपटा पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की

जयपुर (कासं)। राजस्थान की राजनीति के वरिष्ठ नेता, कोटपूतली-बहरोड़ से भाजपा विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. जसवंत सिंह यादव का रविवार, 8 नवंबर को निधन हो गया। उन्होंने जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में सुबह 8:15 बजे अंतिम सांस ली। वे 73 वर्ष के थे और लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। उनके निधन के समाचार से अलवर, कोटपूतली और बहरोड़ सहित पूरे

■ **स्व. यादव बहरोड़ क्षेत्र से चार बार विधायक और एक बार सांसद रहे**

प्रदेश में शोक की लहर छा गई।

सोमवार 9 नवंबर को खैरथल-तिजारा जिले के पैतृक गांव सिलपटा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गांव पहुंचकर पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने स्व. यादव के निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

उल्लेखनीय है कि डॉ. जसवंत यादव का राजनीतिक जीवन करीब चार दशक लंबा रहा। वे चार बार विधायक और एक बार सांसद निर्वाचित हुए। वर्ष 1998 में उन्होंने मुंडावर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक का चुनाव जीता। वर्ष 1999 में अलवर लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हुए और 2004 तक इस पद पर रहे। इसके बाद वर्ष 2008 और 2013 में बहरोड़ से भाजपा विधायक बने। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने बहरोड सीट से जीत दर्ज की। डॉ. यादव राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में श्रम एवं रोजगार सहित महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके थे। वर्ष 2013 से 2018 के दौरान वे तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की सरकार में श्रम मंत्री रहे। अलवर और बहरोड़ क्षेत्र में उनकी पहचान एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के रूप में रही। डॉ. जसवंत सिंह यादव का जन्म 5 अगस्त 1953 को अलवर जिले के कोटकासिम क्षेत्र के सिलपटा गांव में हुआ था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव में प्राप्त की और अलवर के नवीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 12वीं की पढ़ाई की। इसके बाद अजमेर के रीजनल कॉलेज से कॉलेज शिक्षा तथा दिल्ली से बीएएमएस की डिग्री हासिल की थी।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिवंगत बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।


महिला को ब्लैकमेल कर वसूली करने वाला यू-ट्यूबर दिल्ली से गिरफ्तार

जयपुर। यूट्यूब चैनल पर खबर चलाने और पुलिस में शिकायत कर जेल भिजवाने की धमकी देकर एक महिला को करीब पांच साल तक ब्लैकमेल कर अवैध वसूली करने वाले तथाकथित यू-ट्यूबर को प्रताप नगर थाना पुलिस ने दिल्ली के फतेहपुर बेरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला को डरा-धमकाकर हर महीने 500 से 2 हजार रुपए तक ऑनलाइन ट्रांसफर करवाता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राहुल सक्सेना (42) निवासी भरतपुर हाल निवासी फतेहपुर बेरी दक्षिण नई दिल्ली है। पुलिस टीम आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर जयपुर लेकर आई है।

थानाधिकारी विक्रांत शर्मा के अनुसार पीड़िता देशी शराब के ठेके से संबंधित कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। वर्ष 2020-21 में आरोपी राहुल सक्सेना प्रताप नगर क्षेत्र में किराए का कमरा लेकर रहता था। उस दौरान उसने महिला की शराब बिक्री का वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी खुद को यू-ट्यूबर बताकर महिला को वीडियो पुलिस को देने, जेल भिजवाने और बर्बाद करने की धमकी देने लगा। इसी भय का फायदा उठाकर उसने महिला से प्रतिमाह करीब 1500 रुपए वसूलने शुरू कर दिए।

वर्ष 2021 में आरोपी दिल्ली शिफ्ट हो गया। लेकिन इसके बाद भी उसने महिला को ब्लैकमेल करना बंद नहीं किया। वह महिला और उसके बेटों को फोन कर यूट्यूब चैनल पर खबर चलाने तथा पुलिस को सूचना देकर जेल भिजवाने की धमकी देता था। आरोपी ने महिला से प्रति माह 500 से 2 हजार रुपए तक की राशि फोन-पे के जरिए अपने मोबाइल नंबर पर ट्रांसफर करवाई। लगातार धमकियों और



■ **यूट्यूब चैनल पर खबर चलाने और जेल भिजवाने की धमकी देकर हर महीने 500 से दो हजार रुपए वसूलता था आरोपी**

अवैध वसूली से परेशान होकर महिला ने पुलिस की शरण ली। पीड़िता ने 21 अगस्त 2026 को प्रताप नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इधर आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। जिस पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया जानकारी के आधार पर दिल्ली में दबिश देकर आरोपी राहुल सक्सेना को गिरफ्तार किया। इस पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

दीपावली पर जयपुर में आगजनी की 82 घटनाएं

जयपुर। दीपावली पर आतिशबाजी के बीच जयपुर शहर में आगजनी की 82 घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें सबसे अधिक 54 घटनाएं छप्परों में आग लगने की रहीं। इसके अलावा 9 गोदाम, 9 दुकानें, 6 मकान, 3 मंदिर और एक वाहन आग की चपेट में आया। त्योहार के दौरान आग की घटनाओं को देखते हुए नगर निगम का अग्निशमन विभाग अलर्ट रहा। सूचना मिलते ही दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कार्रवाई की।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) गौतम लाल ने बताया कि दीपावली के दिन शहर में आग लगने की कुल 82 घटनाएं सामने आईं। इनमें छप्परों में आग लगने के 54 मामले दर्ज किए गए। वहीं गोदामों और दुकानों में आग लगने की 9-9 घटनाएं हुईं। इसके अलावा मकानों में आग के 6, मंदिरों में 3 और एक वाहन में आग लगने की घटना सामने आई।

लाल ने बताया कि आंकड़ों के अनुसार आगजनी की कुल घटनाओं में छप्परों की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही। शहर के विभिन्न इलाकों में 54 छप्परों में आग लगी। वहीं गोदामों और दुकानों में आग लगने की कुल 18 घटनाएं दर्ज की गईं। आवासीय परिसरों और धार्मिक स्थलों में भी आगजनी की घटनाएं सामने आईं।

■ **9 गोदाम, 9 दुकानें, 6 मकान और तीन मंदिरों समेत कई छप्पर आग की चपेट में आए**

दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान आग लगने की आशंका को देखते हुए अग्निशमन विभाग की टीमें शहरभर में तैनात रहीं। अलग-अलग क्षेत्रों से आग लगने की सूचना मिलने पर दमकलकर्मी तत्काल घटनास्थलों पर पहुंचे और आग बुझाने में जुटे। छप्परों, दुकानों, गोदामों और मकानों में आग लगने की घटनाओं के चलते दमकल टीमों को लगातार सक्रिय रहना पड़ा।

वहीं सोमवार को भी शहर के अलग-अलग इलाकों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं। फायर शाखा की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर जल्द काबू पा लिया।

बिना लाइसेंस पटाखे बेचने वाला दुकानदार गिरफ्तार

जयपुर। त्योहारी सीजन में अवैध पटाखों की बिक्री व भंडारण के खिलाफ जामडोली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिना लाइसेंस पटाखे बेच रहे एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 50 हजार रुपए कीमत के 38 अलग-अलग लेबल के पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने बताया कि जामडोली थानाधिकारी रतन सिंह कविया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 7 नवंबर को विजयपुरा सुमेल पुरानी चुंगी और मीना पालड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों में पटाखा दुकानों के लाइसेंस की जांच के लिए अभियान चलाया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने विजयपुरा रोड पर प्रेम डेंटल क्लिनिक के सामने संचालित दुकान पर कार्रवाई की।

सार-समाचार

"सा रे गा मा पा" के कंटेस्टेंट दुर्गेश यादव के घर टीवी भिजवाएंगे कुमार सानू



जयपुर। ज़ी टीवी के लोकप्रिय संगीत रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा 2026' के दिवाली विशेष एपिसोड में संगीत और भावनाओं से जुड़ा एक खास पल देखने को मिलेगा। शो के प्रतियोगी दुर्गेश यादव के लिए उनके गुरु पंडित गिरिजाशंकर त्रिपाठी को विशेष रूप से सेट पर बुलाकर सरप्राइज दिया गया। दुर्गेश लंबे समय से चाहते थे कि उनके गुरु शो में आकर उन्हें आशीर्वाद दें। इस दौरान जजों ने गुरु पंडित श्री गिरिजाशंकर त्रिपाठी से दुर्गेश के परिवार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि दुर्गेश उत्तर प्रदेश के छोटे से कस्बे मऊ के रहने वाले हैं। उनके परिवार के पास थोड़ी-सी खेती की जमीन है और खेती से ही घर का गुजारा चलता है। परिवार के पास टीवी भी नहीं है, जिस पर वे अपने बेटे को शो में गाते हुए देख सकें। यह बात सुनकर प्रसिद्ध गायक और शो के जज कुमार सानू भावुक हो गए। उन्होंने तत्काल दुर्गेश के परिवार को टीवी देने का फैसला किया। कुमार सानू ने कहा, मेरी तरफ से आज ही आपके घर एक टीवी भिजवाया जाएगा, ताकि आपके माता-पिता घर पर साथ बैठकर शो में आपकी प्रस्तुति देख सकें। दिवाली विशेष एपिसोड में संगीत की शानदार प्रस्तुतियों, जुगलबंदी और त्योहार के सरप्राइज के साथ होस्ट श्रेयस तलपड़े की मस्ती भी देखने को मिलेगी। गुरु का आशीर्वाद और कुमार सानू का यह तोहफा दुर्गेश के लिए दिवाली को यादगार बना देगा। 'सा रे गा मा पा 2026' प्रत्येक शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे ज़ी टीवी और हिंदी ज़ी5 पर प्रसारित होता है।

पटाखे की चिंगारी से सब्जी मंडी में आग

जयपुर। दीपावली की रात पटाखों की चिंगारी वैशाली नगर स्थित सब्जी मंडी तक पहुंच गई, जिससे मंडी में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और वहां खड़े सब्जियों के कई ठेले इसकी चपेट में आकर जलकर राख हो गए। घटना रविवार - सोमवार की मध्य रात्रि करीब 1:40 बजे की है। सूचना पर पहुंची वैशाली नगर थाना पुलिस और दमकल की दो गाड़ियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थानाधिकारी अरविन्द सिंह ने बताया कि आम्रपाली रोड पर करणी पैलेस के पास नगर निगम की ओर से सब्जी मंडी संचालित की जाती है। यहां ठेलों पर सब्जियां बेची जाती हैं। दीपावली की देर रात पटाखे की चिंगारी से मंडी परिसर में लगे पेड़-पौधों में आग लग गई। तेज लपटों के कारण आग ने आसपास खड़े सब्जियों के ठेलों को भी अपनी चपेट में ले लिया। मंडी में आग की ऊंची लपटें उठती देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस और दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस और दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग से मंडी में खड़े सब्जियों के कुछ ठेले जलकर राख हो गए। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

आशादीप ग्रीन्स कॉलोनी में मनाया दीपोत्सव

जयपुर। सांगानेर मेन वाटिका रोड स्थित आशादीप ग्रीन्स कॉलोनी में पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव सामूहिक लक्ष्मी पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान वेशभूषा, बेस्ट कपल, रंगोली, घर सजावट, दीया-माला सजावट, फैंसी ड्रेस, मेहंदी और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, माता लक्ष्मी और भगवान गणेश के चित्र बनाए। महिलाओं ने मिठाई एवं पकवान प्रतियोगिता में भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रीन पटाखे चलाए गए। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सामूहिक भोज हुआ। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना, प्रेम सिंह गुर्जर, बालकिशन, ऋषि गुप्ता, हनुमान सिंह, अनुज जैन, राजेंद्र शर्मा, संगीता सक्सेना, नीता, ज्योति, ममता शर्मा, आभा, गीता, रिचा, मीमांसा, भावना, तनु, रामरती और वैष्णवी सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

सेल्समैन पर पेट्रोल डालकर आग लगाई

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले के रेनवाल क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाइक सवार तीन बदमाशों ने शराब की दुकान पर काम कर रहे सेल्समैन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग की लपटों में घिरा सेल्समैन जान बचाने के लिए चिल्लाते हुए दुकान से बाहर भागा। उसकी आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाई और उसे अस्पताल पहुंचाया। वारदात में सेल्समैन गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, आग से दुकान में रखे दो फ्रिज और शराब के दर्जनों कार्टन जलकर नष्ट हो गए। घटना मंगलवार दोपहर करीब एक बजे चौमूं के रेनवाल थाना क्षेत्र में करड़ रोड स्थित शराब की दुकान पर हुई। पुलिस के अनुसार, कैलाश सिंह (50) निवासी नागौर रोजाना की तरह दुकान पर काम कर रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर तीन युवक वहां पहुंचे। इनमें से एक युवक के हाथ में प्लास्टिक की बोतल में पेट्रोल भरा हुआ था। बदमाशों ने अचानक सेल्समैन पर पेट्रोल उड़ेल दिया और आग लगाकर मौके से फरार हो गए। पेट्रोल डालकर आग लगाने के बाद कैलाश सिंह आग की लपटों में घिर गया। वह जान बचाने के लिए चिल्लाते हुए दुकान से बाहर की तरफ भागा। उसकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई।

बाइक सवार को टक्कर मारकर भागने वाला थार चालक पकड़ा

जयपुर। दिवाली की देर रात तेज रफ्तार थार से बाइक सवार को टक्कर मारकर फरार होने वाले चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सौरभ मुखिया (25), निवासी गांधी नगर रेलवे स्टेशन के रूप में हुई है। आरोपी राजस्थान यूनिवर्सिटी में स्नातकोत्तर का छात्र है। पुलिस ने उसके कब्जे से हादसे में इस्तेमाल थार को भी जब्त कर लिया है। हादसा 8 नवंबर की रात मामा की होटल के पास हुआ था। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया था, जिसमें थार चालक तेज रफ्तार से वाहन चलाता नजर आ रहा है। वीडियो में पहले थार एक बाइक सवार को टक्कर मारने से बचती दिखाई देती है। इसके बाद कुछ दूरी पर आगे चल रही दूसरी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार देती है। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरा। हादसे के बाद बाइक सवार ने उठकर थार चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी सौरभ मुखिया को गिरफ्तार कर थार जब्त कर ली है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नौकरी लगाने का झांसा देकर 6 लाख रु.ठगे

जयपुर। जयपुर नगर निगम में फॉर्थ ग्रेड कर्मचारी की सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक युवक से 6 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। आरोपी परिचित रवि कुमार ने नौकरी दिलाने की गारंटी देकर पीड़ित से रकम ऐंठ ली और विश्वास दिलाने के लिए फर्जी जॉइनिंग लेटर भी थमा दिया। जब पीड़ित नगर निगम कार्यालय में जॉइनिंग लेटर लेकर पहुंचा तो फर्जी होने का पता चला। इसके बाद आरोपी से रुपए वापस मांगने पर वह टालमटोल करने लगा। आखिरकार पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर नारायण विहार थाने में मामला दर्ज करवाया है। एएसआई देवराज सिंह ने बताया कि मांग्यावास मानसरोवर निवासी रिंकू कुमार (35) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित मांग्यावास के लवकुश विहार स्थित एक वर्कशॉप पर काम करता है।

'सफाईकर्मियों की फोर्स कितनी, कितने कार्मिक कर रहे हैं अफसरों के घर काम?'

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम से पूछा है कि जयपुर शहर की सफाई के लिए कितने सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। वहीं इनमें से कितने सफाई कर्मचारी अधिकारियों से कार्यालयों और उनके आवास पर तैनात किए गए हैं। अदालत ने इस संबंध में जिम्मेदार अफसरों को 16 नवंबर तक शपथ पत्र पेश कर जानकारी देने को कहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश विमल चौधरी की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अधिवक्ता विमल चौधरी ने अदालत को बताया कि नगर निगम की ओर से भर्ती किए गए सफाई कर्मचारियों में से बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी अफसरों के कार्यालयों और आवास पर तैनात किए गए हैं। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा कि अदालती आदेश की पालना में उनकी ओर से शपथ पत्र पेश कर बिरला मंदिर के आसपास की कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था को लेकर जानकारी पेश की जा रही है। याचिका में कहा गया कि हाईकोर्ट ने 31 मई, 2012 को शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार और नगर निगम को 16 बिंदुओं पर निर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद अभी तक आदेश की प्रभावी पालना नहीं हो रही है। बिरला मंदिर के पीछे गणेश नगर और आसपास की कॉलोनियों में नियमित सफाई नहीं हो रही है। ऐसे में दोषी अफसरों को अवमानना के लिए दंडित किया जाए।

■ **हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम से जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल पूछा**

18 वर्षीय युवती से निकाह करने वाले मौलाना की कोर्ट परिसर में पिटाई की

जयसिंहपुरा खोर इलाके में मदरसे के एक मौलाना पर मदरसे में पढ़ने आने वाली बच्चियों का ब्रेनवॉश करने और 18 वर्षीय युवती को अपने प्रभाव में लेकर निकाह करने का आरोप है

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जयसिंहपुरा खोर इलाके में मदरसे के एक मौलाना की कोर्ट परिसर के बाहर लोगों ने पिटाई कर दी। मौलाना पर मदरसे में पढने आने वाली बच्चियों का ब्रेनवॉश करने और 18 वर्षीय युवती को अपने प्रभाव में लेकर निकाह करने का आरोप है। आरोपी पहले से शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता बताया जा रहा है। पुलिस ने उसे शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए गए।

जयसिंहपुरा खोर थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि नाई की थड़ी स्थित मदरसे के मौलाना को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मदरसे में आसपास के क्षेत्रों की बच्चियां पढ़ने आती हैं। आरोप है कि मौलाना पढाई के दौरान बच्चियों को अपने प्रभाव में लेने का प्रयास करता था। इसी दौरान मदरसे में पढ़ने आने वाली 18 वर्षीय युवती भी उसके संपर्क में आई।

परिजनों के अनुसार युवती मौलाना से निकाह करने की जिद कर रही थी। परिवार की ओर से समझाइश के बावजूद वह नहीं मानी और पिछले दिनों परिजनों की सहमति के बिना मौलाना से निकाह कर लिया। मौलाना पहले से शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं।

निकाह की जानकारी मिलने पर परिजनों ने जयसिंहपुरा खोर थाने में शिकायत दी। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई। शनिवार को बड़ी संख्या में लोग विरोध जताने थाने पहुंचे और मदरसे में पढ़ने आने वाली अन्य बच्चियों को भी प्रभावित करने के आरोप लगाए। इसके बाद पुलिस ने मौलाना को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

शनिवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश हुए। कोर्ट परिसर से बाहर निकलते समय आक्रोशित लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में मौलाना पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आरोपी को भीड़ से बचाकर बाहर निकाला। मामले को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

तेज रफ्तार होंडा कार ने बीएमडब्ल्यू को टक्कर मारी

जयपुर। राजधानी में सोमवार-मंगलवार की देर रात करीब डेढ़ बजे भवानी सिंह रोड पर कर भवन के सामने भीषण सड़क हादसा हो गया।

अंबेडकर सर्किल से करीब 100 मीटर पहले तेज रफ्तार होंडा सीआरवी ने आगे चल रही बीएमडब्ल्यू कार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बीएमडब्ल्यू का पिछला टायर फट गया, जबकि होंडा सीआरवी अनियंत्रित होकर तीन से चार बार पलटी खाते हुए करीब 60 कदम दूर जाकर गिरी। हादसे में बिजली का पोल भी टूट गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान गाली-गलौज कर रहे एक युवक की लोगों ने पिटाई कर दी। बीएमडब्ल्यू में दो महिलाओं और दो पुरुषों सहित चार लोग सवार थे, जबकि होंडा सीआरवी में एक युवक और युवती मौजूद थे। बीएमडब्ल्यू सवार कमलजीत (30) ने होंडा सीआरवी चला रहे रुद्राक्ष (22) और उसके साथ बैठी युवती पर नशे में होने का आरोप लगाया। पुलिस ने रुद्राक्ष का मेडिकल और अल्कोहल परीक्षण करवाया व दोनों कार जब्त की।

ज्वैलर से 15 लाख रुपए के सोने के सिक्के ठगे

जयपुर। संजय सर्किल इलाके में एक ज्वेलर्स से 15 लाख रुपए कीमत के सोने के सिक्के ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार संगठित गिरोह के बदमाशों ने पहले फोन कर सोने के सिक्कों का ऑर्डर दिया। इसके बाद ज्वेलरी शोरूम के कर्मचारियों को कागज की गड्डियों के ऊपर और नीचे असली 500 रुपए के नोट लगाकर थमा दिए। बैंक की चेस्ट शाखा की सील लगी गड्डियां देखकर कर्मचारियों ने बिना गिने ही भुगतान स्वीकार कर लिया और बदमाशों को सोने के सिक्के सौंप दिए। बाद में गड्डियां खोलकर देखने पर ठगी का पता चला। शोरूम मैनेजर ने संजय सर्किल थाने में मामला दर्ज कराया है।

थानाधिकारी उमेश बेनीवाल के अनुसार एमआई रोड स्थित मैसर्स जेकेजे एंड संस ज्वेलर्स के मैनेजर राजेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उनकी फर्म सोने-चांदी के आभूषणों की खरीद-बिक्री का काम करती है। जहां 6 नवंबर को दोपहर करीब 1:26 बजे शोरूम के मोबाइल नंबर पर एक व्यक्ति का फोन आया। कॉल रिसीव करने वाले कर्मचारी विक्रम सिंह से उसने 5-5 ग्राम के 20 सोने के सिक्के खरीदने की इच्छा जताई। दोपहर 2:05 बजे आरोपी ने दोबारा फोन कर सोने के सिक्कों का सौदा तय किया। उसने भुगतान जयपुर में रहने वाले अपने परिचित से करवाने की बात कही। इस पर कर्मचारी विक्रम सिंह ने वॉट्सऐप के जरिए टोकन नंबर और 15 लाख 10 हजार रुपए की कच्ची पर्ची भेज दी। इसके बाद वॉट्सऐप पर बातचीत होती रही। सिक्के खरीदने वाले व्यक्ति ने आकाश जैन नाम के व्यक्ति का मोबाइल नंबर देकर उसे माल सौंपने और उससे भुगतान लेने को कहा। आकाश जैन से संपर्क करने पर उसने मनीष से मिलने की बात कही और चांदपोल बाजार स्थित मोहम्मदी होटल की लोकेशन भेज दी। इसके बाद शोरूम से 5-5 ग्राम के 20 सोने के सिक्के, कुल 100 ग्राम सोना, लेकर कर्मचारी ब्रजमोहन और मनीष शर्मा को वहां भेजा। शाम 7:30 बजे दोनों कर्मचारी लोकेशन पर पहुंचे और मनीष के दिए मोबाइल नंबर पर कॉल किया। कुछ देर बाद मनीष वहां पहुंचा। उसने आईसीआईसीआई बैंक की चेस्ट शाखा की सील लगी 500-500 रुपए के तीन गड्डियां में 15 लाख रु. दिए।